Subject Code : **61H**

SSLC Summative Assessment – 1 for the Year 2024 – 25

THIRD LANGUAGE HINDI

Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.] [Max. Marks : 80

सूचनाएँ : *1) इस प्रश्नपत्र में कुल **38** प्रश्न हैं ।*

2) सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

*3) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके **दाहिनी** ओर हाशिये में दिए गए हैं ।*

*4) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **अधिकतम** समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के **15** मिनट भी शामिल हैं ।*

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : **(8×1=8)**

1) निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है

A) लेखक B) लेखिका

C) लेखन D) लेख

2) 'देखना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है

A) दिखावट B) देख

C) दिखाना D) दिखवाना

3) 'बेचना' शब्द का विलोम रूप है

A) खर्च करना B) लाना

C) व्यापार करना D) खरीदना

4) निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है

A) दूकान B) चीजें

C) कहानियाँ D) पैसे

5) आपने चश्मा लगाया नहीं था ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है

A) योजक B) पूर्ण विराम

C) प्रश्नार्थक D) विस्मयादि बोधक

6) बसंत जमीन _________ लेटा था ।

A) पर B) ऊपर

C) में D) नीचे

P.T.O.

7) 'स्वागत' शब्द में संधि है

A) गुण
B) यण
C) वृद्धि
D) दीर्घ

8) निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण है

A) माता-पिता
B) दोपहर
C) राजपुत्र
D) नीला परदा

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए । (4×1=4)

9) अब्दुल कलाम : रामानंद शास्त्री :: जैनुलाबदीन : ________

10) बिस्तर के नीचे : शेविंग का डिब्बा :: सिरहाने : ________

11) विचार विनिमय के लिए : वीडियो कान्फरेन्स : : पारदर्शी प्रशासन के लिए : ________

12) न्याय का : पताका : : ज्ञान का : ________

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : (4×1=4)

13) गिल्लू गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था ?

14) प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया ?

15) 'जय हिंद' का नाद कहाँ-कहाँ पर गूँजना चाहिए ?

16) कवि के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में लिखिए : (8×2=16)

17) सेब का महत्व समझाइए ।

18) गिल्लू लेखिका को कैसे चौंकाता था ?

19) आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थी ?

20) इंटरनेट से खरीदारी में कैसे मदद मिल सकती है ?

21) कवि ने मातृभूमि को 'अमरों की जननी' क्यों कहा है ?

22) नर किन-किनको एक समान लाँघ सकता है ?

23) शनि ग्रह को 'शनैश्चर' क्यों कहते हैं ?

अथवा

शनि ग्रह के वायुमंडल का तापमान क्यों कम है ?

24) सत्य के बारे में मेन्सफील्ड के विचार क्या हैं ?

अथवा

मीना मेडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन–चार** वाक्यों में लिखिए : (9×3=27)

25) मुहर्रम के मेले में लेखक को हुए अनुभव के बारे में बताइए ।

26) लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ?

27) अहमद जलालुद्दीन का परिचय दीजिए ।

28) 'सोशल नेटवर्किंग' से होनेवाले लाभों का वर्णन कीजिए ।

29) चप्पलों की चोरी से बचने के लिए ईमानदार डेलीगेट ने क्या सुझाव दिया ?

30) कवि ने मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ? बताइए ।

31) दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

32) निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए ।
राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

33) गद्यांश का अनुवाद **कन्नड़** या **अंग्रेजी** में लिखिए ।
बसंत नोट लेकर बाजार की ओर भागता है । राजकिशोर वहीं खड़े रहते हैं । धीरे–धीरे पंद्रह–बीस मिनट बीत जाते हैं ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **पाँच–छः** वाक्यों में लिखिए : (2×4=8)

34) बसंत के आदर्श गुणों का सोदाहरण वर्णन कीजिए ।

अथवा

'राजकिशोर एक सच्चा नेता है ।' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

35) निम्नलिखित दोहे को पूर्ण कीजिए ।
मुखिया मुख – – – – – – – – – ।
– – – – – – – – – – विवेक ।।

VII. 36) गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1×4=4)

व्यायाम करने से शरीर के अंदर की गंदगी, पसीने के रूप में बाहर निकल जाती है । रक्त शुद्ध होता है । व्यायाम करनेवालों का शरीर चमकता रहता है । स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है । उत्तम स्वास्थ्य से ही सुख संभव है । व्यायाम के बिना मनुष्य आलसी बन जाता है । आलस्य को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु कहा गया है । आलसी व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में असफल हो जाते हैं । व्यायाम के अभाव में शरीर बोझ–सा प्रतीत होता है ।

अ) शरीर से गंदगी कैसे दूर होती है ?

आ) व्यायाम करनेवालों का शरीर कैसे होता है ?

इ) मनुष्य आलसी क्यों बन जाता है ?

ई) स्वस्थ मस्तिष्क कहाँ रहता है ?

VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **12–15** वाक्यों में किसी **एक** विषय के बारे में निबंध लिखिए : **(1×4=4)**

37) क) स्त्री शिक्षा

* विषय प्रवेश
* स्त्री शिक्षा की आवश्यकता
* स्त्री शिक्षा का महत्व
* उपसंहार

ख) पर्यावरण प्रदूषण

* अर्थ
* प्रदूषण के कारण
* परिणाम तथा परिहारोपाय
* उपसंहार

ग) इंटरनेट का महत्व

* प्रस्तावना
* अर्थ
* इंटरनेट से लाभ
* उपसंहार

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : **(1×5=5)**

38) शैक्षिक प्रवास के लिए रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

अथवा

बीमारी का कारण बताकर दो दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।